आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 340 | उज्जैन, शुक्रवार 31 अक्टूबर 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# मध्यप्रदेश ने भारत में पहली बार पीपीपी मोड पर चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना की पहल की-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## टीकमगढ़ में चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना के साथ ही जिला चिकित्सालय की क्षमता का भी हुआ है उन्नयन

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश ने भारत में पहली बार पीपीपी मोड पर (सार्वजनिक-निजी सहभागिता) चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना की पहल की है। धार, पन्ना, कटनी और बैतूल में पीपीपी मोड पर चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना की जा रही है। द्वितीय चरण में 9 जिलों क्रमशः टीकमगढ़, भिंड, मुरैना, खरगोन, अशोकनगर, गुना, बालाघाट, सीधी और शाजापुर में चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित करने की कार्यवाही जारी है। प्रदेश में रोगियों को उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि के उद्देश्य से टीकमगढ़,




नीमच, सिंगरौली, श्योपुर और डिंडौरी में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत निर्मित अतिरिक्त बिस्तरों के संचालन के लिए 810 नवीन पदों के नियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, टीकमगढ़ में चिकित्सा सुविधा के विस्तार के लिए उनका आभार मानने मुख्यमंत्री निवास आए युवाओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को गजमाला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह व गदा भेंटकर सम्मान किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ला तथा राज्यमंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल इस अवसर पर उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ की क्षमता बढ़ाते हुए 300 बिस्तर से 500 बिस्तर में उन्नयन तथा इनके संचालन के लिए 160 नवीन पदों के नियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई है। गत वर्ष टीकमगढ़ जिला चिकित्सालय में 16 करोड़ रूपए की लागत से अतिरिक्त 100 बिस्तरीय नवीन भवन का निर्माण किया गया है।

# क्या कोई तीसरी गाड़ी भी थी शामिल? कुरनूल बस अग्निकांड में पुलिस को इस बात का है शक



नई दिल्ली (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के कुरनूल बस अग्निकांड के मामले में पुलिस को शक है कि इस हादसे में कोई तीसरी गाड़ी भी शामिल है। बीते हफ्ते हुए इस हादसे में 19 यात्रियों की जान चली गई थी।

24 अक्टूबर की सुबह बेंगलुरु जा रही स्लीपर बस ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी थी, जिसके बाद यह बाइक बस के निचले हिस्से में फंस गई और काफी दूर तक घिसटती चली गई, जिससे उसका फ्यूल टैंक फट गया और इसके बाद बस में आग गई।

पुलिस को किस बात का है शक- पुलिस के मुताबिक, कावेरी ट्रैवल्स बस के फिसलने के निशान उस जगह से थोड़ा आगे मिले हैं, जहां पर बाइक शुरू में गिरी थी और बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई थी। इससे पता चलता है कि पहली टक्कर के बाद बाइक थोड़ी और आगे खिसक गई थी।

पुलिस कर रही तीसरी गाड़ी की जांच- कुरनूल जिले के डीएसपी विक्रांत पाटिल ने बताया, ÷बाइक के फिसलने के निशान की जगह में अंतर यह दिखाता है कि बस के बाइक को कुचलने से पहले किसी दूसरी गाड़ी ने उसे टक्कर मारी होगी।÷ उन्होंने कहा कि पुलिस यह पता लगाने के लिए जांच कर रही है कि क्या इस दुर्घटना में कोई तीसरी गाड़ी भी शामिल थी।

# हम अफगानिस्तान की संप्रभुता के लिए प्रतिबद्ध, पाकिस्तान से तनाव के बीच भारत का बड़ा बयान




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने गुरुवार को कहा कि वह अफगानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्रायल का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच संघर्ष चल रहा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, पाकिस्तान इस बात से नाराज है कि अफगानिस्तान अपने इलाकों पर संप्रभुता का इस्तेमाल कर रहा है। पाकिस्तान को लगता है कि उसे बिना किसी सजा के सीमा पार आतंकवाद फैलाने का अधिकार है।

पाकिस्तान पर सीमा पार आतंकवाद का आरोप- उन्होंने कहा, पाकिस्तान के पड़ोसी इसे स्वीकार नहीं करते। भारत, अफगानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष इस महीने की शुरुआत में काबुल पर पाकिस्तानी हवाई हमले के बाद शुरू हुआ था। अफगानिस्तान ने इस हमले का कड़ा जवाब दिया जिसके बाद संघर्ष और बढ़ गया है।

# चाबहार पोर्ट पर नहीं लगेगी अमेरिकी पाबंदी, भारत को मिली 6 महीने की छूट



नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने आज कहा कि ईरान में भारत के चाबहार पोर्ट पर अमेरिकी प्रतिबंध लागू नहीं होंगे। विदेश मंत्रालय की यह घोषणा भारत और अमेरिका के बीच एक बड़ी ट्रेड डील को फाइनल करने के लिए चल रही बातचीत के बीच आई है।

सरकार ने पिछले साल ईरान के साथ 10 साल का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था, जिसमें सरकारी कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड (आईपीजीएल) ने चाबहार में 370 मिलियन डॉलर के निवेश का वादा किया था। यह भारत के लिए एक रणनीतिक पोर्ट है।

रणधीर जायसवाल ने क्या कहा- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हम ट्रेड डील का फाइनल करने के लिए अमेरिका से बातचीत कर रहे हैं। दोनों ओर से बातचीत जारी है। किसी और अपडेट के बारे में जानकारी चाहिए तो इसके लिए वाणिज्य मंत्रालय से बात करनी होगी।

2018 में भी पहले ट्रंप प्रशान ने भारतीय कंपनियों को चाबहार को विकसित करते रहने की इजाजत देने के लिए एक अनोखी छूट दी थी, तब भी जब अमेरिका ने ईरान पर बड़े एकतरफा बैन लगाए थे, जिसके बंदर अब्बास में मुख्य पोर्ट पर क्षमता से ज्यादा लोग थे।

# अहमदाबाद में कार चला रहे नाबालिग ने 3 साल की बच्ची पर चढ़ा दी कार



नई दिल्ली (एजेंसी)। अहमदाबाद के नोबलनगर इलाके में बुधवार (29 अक्टूबर) को एक किशोर की ओर से कथित तौर पर चलाई जा रही कार ने तीन साल की बच्ची को लगभग कुचल दिया था। यह चौंकाने वाली घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसका फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गौरतलब है कि कार पर नंबर प्लेट भी नहीं थी।

पुलिस ने घटना की सूचना दी है और मामला दर्ज कर लिया गया है। घटना के समय बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी। नाबालिग ने उसे देखा नहीं और गाड़ी उसके ऊपर चढ़ा दी।

स्थानीय लोगों के शोर मचाने पर कार रुक गई। लोग इकट्ठा हो गए और सीसीटीवी फुटेज में एक महिला नाबालिग कार ड्राइवर को थप्पड़ मारती हुई भी दिखाई दे रही है। हालांकि, बच्ची बच गई।

फुटेज में बच्ची को कार के नीचे से रेंगते हुए बाहर निकलते देखा जा सकता है। यह वीडियो ङ्ग (पहले ट्विटर) पर हिमांशु परमार नाम के एक यूजर ने शेयर किया। उन्होंने अधिकारियों को टैग करते हुए कार्रवाई करने की गुजारिश की है।

अहमदाबाद पुलिस ने वीडियो पर रिएक्शन देते हुए पुष्टि की कि उन्होंने ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रहे हैं। पुलिस ने लिखा, इस मामले में, जी डिवीजन ट्रैफिक पुलिस स्टेशन में बीएनएस धारा 281, 125(ए) और मोटर वाहन अधिनियम की धारा 177, 184, 181 के तहत अपराध रजिस्टर संख्या 366/2025 दर्ज किया गया है।

# मल्लिकार्जुन खरगे के क्षेत्र में आरएसएस के रूट मार्च को मिली इजाजत



नई दिल्ली (एजेंसी)। यादगीर जिला प्रशासन ने शुक्रवार को गुरमितकल शहर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के रूट मार्च के लिए परमिशन दी है लेकिन इसको लेकर कंडीशन भी रखी है। गुरमितकल कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का घरेलू इलाका है। वह यहां से 8 बार विधायक रह चुके हैं। आरएसएस अपना शताब्दी समारोह मना रहा है और इस मौके पर इस मार्च का आयोजन किया है, जिसकी इजाजत बुधवार को एक सरकारी आदेश के जरिए दी गई, साथ ही रूट और सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जांच की गई।

# भारत-रूस संबंधो को मिलेगी मजबूती, शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने की द्विपक्षीय वार्ता



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और रूस के शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को प्रगाढ़ करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है और सहयोग बढ़ाने के नए तरीकों पर चर्चा की है।

अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग के सैन्य और सैन्य तकनीकी सहयोग पर कार्य समूह की पांचवीं बैठक 28-29 अक्टूबर को यहां मानेकशा सेंटर में हुई। इसमें मौजूदा रक्षा सहयोग योजनाओं की समीक्षा की गई।

भारत-रूस रक्षा सहयोग बढ़ाने पर वार्ता- मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दोनों पक्षों ने भारत-रूस रक्षा सहयोग को बढ़ाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। जबकि रक्षा मंत्रालय ने बताया कि बैठक की सह-अध्यक्षता एकीकृत रक्षा स्टाफ के प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित और रूसी सशस्त्र बलों के मुख्य संचालन के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल डायलेव्स्की इगोर निकोलायेविच ने की। दोनों पक्षों की चर्चा रक्षा सहयोग को मजबूत करने और मौजूदा द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने पर केंद्रित थी।

# ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय और महारानी कैमिला ने नीसडन मंदिर के नाम से विश्वविख्यात BAPS स्वामिनारायण मंदिर, लंदन का दौरा किया



नई दिल्ली (एजेंसी)। स्वामी महाराज के द्वारा निर्मित, नीसडन मंदिर के रूप में लोकप्रिय और विश्वविख्यात लंदन बीएपीएस स्वामिनारायण मंदिर के दर्शन के लिए 1992 से लेकर आज तक पिछले तीस वर्षों में देश-विदेश के करोड़ों लोग पधार चुके हैं। इनमें सामान्य नागरिकों से लेकर अनेक प्रतिष्ठित महानुभाव भी शामिल रहे हैं। इस मंदिर की दिव्य आभा प्रत्येक दर्शनार्थी के हृदय पर एक अमिट छाप छोड़ती है।

आज यानी 30 अक्टूबर 2025 को ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय और उनकी पत्नी महारानी कैमिला नीसडन के साथ मंदिर में दर्शन किए। इस अवसर पर, लंदन बीएपीएस स्वामिनारायण मंदिर के बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज के अध्यक्ष जीतूभाई पटेल ने शाही परिवार का स्वागत किया। प्रिंस ऑफ वेल्स और डचेस ऑफ कॉर्नवॉल के रूप में पूर्व यात्राओं के बाद, राजा और रानी के तौर पर यह उनका मंदिर का पहला दौरा था।

ब्रिटिश समाज में निरंतर महत्वपूर्ण योगदान दिया- शाही परिवार की मंदिर के साथ ऐसी कई पूर्व यात्राएं बीएपीएस हिंदू समुदाय के साथ उनके दीर्घकालिक और स्नेहपूर्ण संबंधों को दुनिया के सामने रखा है। 1992 में अपने उद्घाटन के बाद से नीसडन मंदिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विख्यात एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र बन गया है। श्रद्धा, सेवा और भारतीय संस्कृति के अद्वितीय प्रतीक इस मंदिर ने बाल और युवा विकास, वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, स्वास्थ्य और मानवीय सहायता जैसे अनेक सेवा कार्यों के माध्यम से ब्रिटिश समाज में निरंतर महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

अपनी यात्रा के दौरान, शाही दंपती ने मंदिर के स्वयंसेवकों और भक्त समुदाय से मिलकर मंदिर के सेवा कार्यों के बारे में जानकारी हासिल की। इसमें द फेलिक्स प्रोजेक्ट के साथ मंदिर की दीर्घकालिक साझेदारी भी शामिल है। यह लंदन स्थित एक चैरिटी संस्था है जो कमजोर वर्ग के लोगों की भूख मिटाने के लिए अतिरिक्त भोजन का बांटती है और यह सेवा कार्य किंग चार्ल्स के कोरोनेशन फूड प्रोजेक्ट का भी एक अभिन्न अंग है।

# ब्राजील के रियो में ड्रग्स गिरोह पर छापामारी के बाद 119 लोगों की मौत, 2,500 पुलिसकर्मियों ने पूरा किया ऑपरेशन



नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्राजील में ड्रग्स तस्करी के खिलाफ बड़े पैमाने पर किए गए पुलिस अभियान के एक दिन बाद फवेला में एक शक्तिशाली ड्रग गिरोह की डिटेल्स जुटाने में जुटा है। इस बड़े अभियान में चार पुलिस अधिकारियों सहित आधिकारिक तौर पर 119 लोगों की मौत हो गई है।

सोशल मीडिया पर तस्वीरों में देखा जा सकता है कि रियो की घनी आबादी वाले इलाके में सड़कों पर लोगों की लाशें बिखरी पड़ी हैं। पुलिस का दावा है कि इस इलाके में एक गिरोह ड्रग्स का व्यापार चला रहा था।

मौतों को लेकर अब तक क्या है मालूम?

अधिकारियों के अनुसार, ऑपरेशन कंटेनमेंट नामक इस अभियान का मकसद रियो के सबसे पुराने और सबसे शक्तिशाली आपराधिक समूह कमांडो वर्मेलो (रेड कमांड) को कमजोर करना था। इस समूह का हाल के सालों में तेजी से विस्तार हुआ है।

बख्तरबंद वाहनों, हेलीकॉप्टरों और ड्रोनों से लैस लगभग 2,500 भारी हथियारों से लैस अधिकारियों ने मंगलवार को गिरोह के दो प्रमुख गढ़ों विशाल अलेमाओ और पेन्हा फवेला परिसरों हम छापा मारा है।

कितने लोग हिरासत में हैं- रियो राज्य सरकार ने 119 लोगों के मारे जाने की सूचना दी है, जबकि लोक अभियोजक कार्यालय ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया कि 132 लोगों की मौत हुई है।

अधिकारियों ने यह भी बताया कि 113 लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनमें 10 नाबालिग भी शामिल हैं, और 91 राइफलें जब्त की गई हैं।

## बांग्लादेश में आम चुनाव से पहले यूनुस को किस बात का है डर? बोले- कई ताकतें खराब करेंगी काम



नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पद से इस्तीफा के बाद से भारत में रह रहीं हैं। बांग्लादेश में फिलहाल नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मोहम्द यूनुस के नेतृत्व वाली सरकारी काम कर रही है। बांग्लादेश में चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने अवामी लीग का पंजीकरण निलंबित कर दिया है और पार्टी को चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है।

चुनाव आयोग के इस फैसले को लेकर शेख हसीना ने कहा कि लाखों पार्टी समर्थक चुनाव का बहिष्कार करेंगे। वहीं, अब बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने कहा है कि उन्हें डर है कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए देश और विदेश की ताकतें नियोजित आम चुनावों को विफल करने की कोशिश कर सकती हैं।

चुनाव खराब करने की कोशिश- अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने चुनाव तैयारियों पर एक उच्च स्तरीय बैठक में उनके बयान के हवाले से बताया कि देश के अंदर और बाहर से कई ताकतें चुनाव को खराब करने के लिए काम करेंगी। कई शक्तिशाली ताकतें, इसे विफल करने का प्रयास करेंगी।

## आखिरकार उन्होंने मान ही लिया कि वह गलत थे, डोनल्ड ट्रंप ने बिल गेट्स को लेकर क्यों कही ये बात?



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने अरबपति उद्योगपति बिल गेट्स पर निशाना साधा है। ट्रंप ने बुधवार को दावा किया कि उन्होंने जलवायु परिवर्तन के धोखे के खिलाफ जंग जीत ली है। इससे पहले बिल गेट्स ने कहा था कि ग्लोबल वार्मिंग से सभ्यता खत्म नहीं होगी।

ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए लिखा, मैंने (हमने!) जलवायु परिवर्तन धोखे के खिलाफ जंग जीत ली है। बिल गेट्स ने आखिरकार मान ही लिया कि वो इस मुद्दे पर पूरी तरह से गलत थे। ऐसा करने के लिए हिम्मत चाहिए थी और इसके लिए हम सभी शुक्रगुजार हैं।

बिल गेट्स ने क्या कहा था- माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर गेट्स ने कहा था कि जलवायु परिवर्तन से इंसानियत खत्म नहीं होगी। इसे उन्होंने एक बड़ा बदलाव माना है। उन्होंने कहा था कि क्लाइमेट चेंज के गंभीर नतीजे होंगे लेकिन आने वाले समय में लोग धरती पर लोग ज्यादातर जगहों पर रह सकेंगे और कामयाब भी हो सकेंगे।

## अश्वेत महिला की हत्या का दोषी पाया गया पूर्व अमेरिकी अधिकारी, मिल सकती है 20 साल की सजा





नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व अमेरिकी पुलिस अधिकारी गयाग्रेसन को एक श्वेत महिला की गोली मारकर हत्या करने का दोषी पाया गया। ग्रेसन पर जुलाई 2024 में दो बच्चों की मां 36 वर्षीय सोन्या मैसी की गोली मारकर हत्या का आरोप लगाया गया था। पुलिस अधिकारी द्वारा किए गए इस अपराध ने राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया और पुलिस सुधार की मांग की।

दरअसल, इलिनोइस के पूर्व शेरिफ डिप्टी 31 वर्षीय श्वेत शॉन ग्रेसन को दो दिनों के विचार-विमर्श के बाद जूरी द्वारा हत्या का दोषी पाया गया। ग्रेसन को द्वितीय श्रेणी की हत्या का दोषी बनाया गया है। मृतक मैसी के परिजनों का प्रतिनिधित्व कर रहे नागरिक अधिकार वकील बेन क्रम्प ने इस बात पर निराशा व्यक्त की कि ग्रेसन को प्रथम श्रेणी की हत्या का दोषी नहीं ठहराया गया। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह फैसला अभी भी सोन्या मैसी के लिए न्याय है। सोन्या मैसी के परिजनों का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील बेन क्रेम्प ने कहा कि जवाबदेही शुरू हो गई है और अब हम आशा करते हैं कि अदालत एक सार्थक सजा सुनाएगी, जो इन अपराधों की गंभीरता और खोई हुई जान को प्रतिबिंबित करेगी।

20 साल की हो सकती जेल- उन्होंने द्वितीय श्रेणी की हत्या का आरोपी ठहराये जाने पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि प्रथम श्रेणी की हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा हो सकती है, जबकि द्वितीय श्रेणी की हत्या के लिए 20 वर्ष तक की जेल की सजा हो सकती है।

# नेपाल में माउंट एवरेस्ट इलाके में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित



नई दिल्ली (एजेंसी)। नेपाल में माउंट एवरेस्ट इलाके के पास बुधवार सुबह एक निजी एयरलाइन का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट को मामूली चोटें आई हैं। एल्टीट्यूड एयर के हेलीकॉप्टर में कोई यात्री सवार नहीं था। यह लुकला से खुंबू क्षेत्र के लोबुचेम में फंसे पर्यटकों को बचाने के मिशन पर था, तभी यह हादसा हुआ।

सोलुखुंबू जिला पुलिस कार्यालय के एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, कैप्टन विवेक खड़का द्वारा संचालित हेलीकाप्टर भारी बर्फबारी के कारण उतरने का प्रयास करते समय फिसल गया। हेलीकॉप्टर दो टुकड़ों में टूट गया। पायलट को चिकित्सा परीक्षण के लिए लुकला ले जाया गया और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

मंगलवार और बुधवार को भारी बर्फबारी के कारण मस्तंग, अन्नपूर्णा क्षेत्र और एवरेस्ट क्षेत्र सहित पहाड़ी इलाकों में कई ट्रेकर्स फंस गए थे।वहीं, भारी बर्फबारी के कारण चीन के तिब्बत क्षेत्र में माउंट एवरेस्ट पर एक लोकप्रिय पर्वतारोहण स्थल को बंद कर दिया गया है। डिंगरी काउंटी स्थित झूफेंग चोटी अगली सूचना तक बंद कर दी गई है।

# रेयर अर्थ पर समझौते के बाद गदगद हुए ट्रंप, चिनफिंग से बातचीत को दिए 10 में से 12 नंबर



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप चीन के साथ रेयर अर्थ को लेकर हुए समझौते के बाद बेहद खुश नजर आए। उन्होंने कहा कि वह और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग जरूरी रेयर अर्थ की सप्लाई पर एक साल के समझौते पर सहमत हो गए हैं।

इसके साथ ही उन्होंने चीन पर 10 प्रतिशत टैरिफ कम करने की भी घोषणा की। ट्रंप ने कहा, सभी रेयर अर्थ का मामला सुलझा लिया गया है और यह पूरी दुनिया के लिए है। यह डील एक साल के लिए है और हर साल इस पर बातचीत होगी।

शी चिनफिंग से मुलाकात के बारे में क्या बोले ट्रंप- राष्ट्रपति शी से मुलाकात के बारे में बात करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, हम कुछ विवरण के साथ एक बयान जारी करने जा रहे हैं, लेकिन कुल मिलाकर मेरा अंदाजा है कि 0-10 के स्केल पर अह बैठक के बारे में देखें तो 10 सबसे बढ़िया नंबर है लेकिन मैं इसे 12 नंबर दूंगा।

उन्होंने आगे कहा, मैं अप्रैल में चीन जाऊंगा और उसके बाद वह अमेरिका आएंगे। चाहे वह फ्लोरिडा, पाम बीच या वॉशिंगटन डीसी हो। ट्रंप ने यह भी कहा कि हमने बहुत सी चीजों को फाइनल कर दिया है और शी की तारीफ करते हुए उन्हें एक बहुत ताकतवर देश का जबरदस्त लीडर बताया।

# ट्रंप के नाम का फर्जी आधार कार्ड... NCP विधायक के खिलाफ FIR दर्ज



नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई पुलिस ने महाराष्ट्र NCP (SP) के विधायक रोहित पवार द्वारा फर्जी आधार कार्ड बनाने के लिए अज्ञात लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की है। पवार पर ट्रंप के नाम का फर्जी आधार कार्ड बनाने और उसका इस्तेमाल फर्जी वोटर रजिस्टर करने का आरोप है।

पवार ने FIR दर्ज होने को मजेदार बताया और कहा कि वह सिर्फ यह दिखा रहे थे कि आधार कार्ड सिस्टम में कितनी कमियां हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि वो कोई जालसाजी वाला कोई काम नहीं कर रहे थे। रोहित पवार पर फर्जी आधार कार्ड का आरोप

पुणे में पत्रकारों से बात करते हुए, पवार ने गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को उन्हें बुलाकर डिटेल्स पूछनी चाहिए थी और मामले की जांच का आदेश देना चाहिए था। लेकिन 15 दिन बर्बाद करने के बाद उन्होंने सिर्फ एक बेकार ख्नढ्ढक्रदर्ज की है। पवार ने 16 अक्टूबर को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखाया था कि कैसे एक वेबसाइट पर फर्जी आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं और उनका इस्तेमाल फर्जी वोटर रजिस्टर करने के लिए किया जा रहा है। इस मामले पर बीजेपी के सोशल मीडिया सेल के सह-संयोजक धनंजय वागस्कर ने वीडियो देखा और इसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

मुंबई पुलिस ने दर्ज की FIR- एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसे गंभीरता से लेते हुए वागस्कर ने वेबसाइट बनाने वाले मालिक, यूजर और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। FIR के अनुसार, शिकायतकर्ता ने दावा किया कि नेता ने एक धोखाधड़ी वाला काम किया है। जिससे भारत में एक स्वायत्त संस्था को सामाजिक सुरक्षा को खतरा पैदा हुआ।

## एंबुलेंस, श्मशान में रिश्वत, डेथ सर्टिफिकेट के लिए भी देने पड़े पैसे...



नई दिल्ली (एजेंसी)। बेंगलुरु के एक सेवानिवृत्त भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) अधिकारी की ओर से सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई एक दिल दहला देने वाली पोस्ट ने हजारों लोगों को भावुक कर दिया है। उन्होंने बताया कि कैसे अपनी इकलौती बेटी की मौत के बाद हर जगह पर रिश्वत देनी पड़ी। हालांकि बाद में ये पोस्ट हटा लिया गया के शिवकुमार नाम के इस व्यक्ति ने खुद को बीपीसीएल का पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) बताया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लिंक्डइन पर एक भावुक नोट लिखा। पोस्ट में उन्होंने अपनी 34 साल की बेटी अक्षया की मौत के बाद आधिकारिक औपचारिकताएं पूरी करने में हुई कठिनाई और भ्रष्टाचार का जिक्र किया है।

रिश्वत की लंबी फेहरिस्त- अक्षया 18 सितंबर 2025 को घर पर ब्रेन हेमरेज से चल बसीं। वो गोल्डमैन सैक्स में 8 साल काम कर चुकी थीं। बीटेक और आईआईएम अहमदाबाद की एमबीए थीं। पिता के. शिवकुमार ने लिखा कि एम्बुलेंस वाले ने कासवनहल्ली से सेंट जॉन्स हॉस्पिटल तक लाने के लिए 3000 रुपये मांगे।

## पहाड़ से आफत बनकर कार पर गिरी चट्टान सनरूफ से टकराई, महिला की मौत



नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र के ताम्हिनी घाट में एक हादसे में महिला की जान चली गई। पहाड़ी रास्ते जा रही कार पर अचानक एक चट्टान गिर गई और सनरूफ को तोड़ते हुए महिला के ऊपर जा गिरी, जिससे उसकी मौत हो गई।

ये महिला पुणे से मानगांव जा रही थी, तभी कार पर एक बड़ा पत्थर गिर गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पत्थर से सनरूफ टूट गई और सीधा पैसेंजर सीट पर बैठी महिला पर जा गिरा। महिला की पहचान 43 साल की स्नेहल गुजराती के रूप में हुई है।

महाराष्ट्र में हादसों का दौर- एक अलग घटना में बुधवार सुबह मुंबई से जालना जाते समय समृद्धि हाईवे पर एक प्राइवेट लग्जरी बस में आग लग गई। यह घटना हाईवे के नागपुर लेन पर सुबह करीब 3 बजे हुई। बस में ड्राइवर और उसके असिस्टेंट के अलावा 12 यात्री सवार थे। ड्राइवर ने तुरंत बस खाली कर दी और यात्रियों की जान बचाई।

इस महीने की शुरुआत में 18 अक्टूबर को महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले में एक तेज रफ्तार मिनी ट्रक के खाई में गिरने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए।

एक अधिकारी ने बताया कि एक मिनी ट्रक में करीब 40 लोग सवार थे और एक तीर्थस्थल से लौट रहा था, तभी उसके ड्राइवर ने गाड़ी पर से कंट्रोल खो दिया। उन्होंने बताया कि मिनी ट्रक 200 फुट गहरी खाई में गिर गया।

# पुणे में डिजिटल अरेस्ट का शिकार हुए 82 वर्षीय बुजुर्ग की मौत, गंवाए थे 1.2 करोड़



नई दिल्ली (एजेंसी)। पुणे से एक और डिजिटल अरेस्ट का मामला सामने आया है। यहां एक बुजुर्ग दंपत्ति को इसका शिकार बनाया गया है। इस दंपत्ति को डिजिटल अरेस्ट कर इनसे 1.19 करोड़ की ठगी की गई। इस हादसे से 82 वर्षीय सेवानिवृत्त अधिकारी उबर नहीं पाए और उनकी मौत हो गई।

एनडीटीवी की खबर के अनुसार ये धोखाधड़ी 16 अगस्त के 17 सितंबर के बीच की गई। इस दंपत्ति की तीन बेटियां हैं, जो विदेश में रहती हैं। खबर के मुताबिक इस दंपत्ति को मुंबई साइबर पुलिस और सीबीआई अधिकारी बनकर ठगों ने तीन दिनों तक घर में डिजिटल अरेस्ट रखा।


पुणे में डिजिटल अरेस्ट से बुजुर्ग की मौत-पति की मौत के बाद पीड़ित की बुजुर्ग पत्नी ने पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज कराई। महिला ने पुलिस को बताया कि ठगों ने उनकी जीवनभर की कमाई लूट ली, जिससे उनके पति को गहरा सदमा लगा। वो इस सदमे को झेल नहीं पाए और उनकी मौत हो गई।

FIR के अनुसार बीते 22 अक्टूबर को उनके पति को घर पर बेहोशी की हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि वह इस घटना से काफी परेशान थे।

कैसे हुआ इतना बड़ा फ्रॉड- जांचकर्ताओं ने बताया कि यह घोटाला 16 अगस्त को शुरू हुआ, जब बुजुर्ग दंपत्ति को मुंबई पुलिस में एनकाउंटर स्पेशलिस्ट होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने उन्हें बताया कि एक प्राइवेट एयरलाइन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनके बैंक खातों और आधार कार्ड की जानकारी का दुरुपयोग किया गया है।

# मुंबई के स्टूडियो से पुलिस ने 17 बंधक बच्चों को छुड़ाया, आरोपी रोहित आर्या गिरफ्तार



नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, यहां एक स्टूडियों में 17 बच्चों को बंधक बनाए जाने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। यह घटना आरए स्टूडियो की है जहां पहली मंजिल पर एक्टिंग की क्साल चलती है।

मिली जानकारी के मुताबिक, पिछले चार-पांच दिनों से यहां ऑडिशन चल रहे थे, आज सुबह भी 100 बच्चे आए थे, लेकिन सुबह करीब 80 बच्चों को वापस भेज दिया गया और बारी बच्चों को कमरे में बंद कर दिया गया।

स्थानीय लोगों ने पुलिस के किया सूचित- बच्चे खिड़की से बाहर झांकने लगे, जिसके आप-पास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी और घटना स्थल पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने बच्चों को रिहा कराकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मुंबई पुलिस ने कहा, रोहित आर्या नाम के एक युवक ने मुंबई के पवई इलाके में कुछ बच्चों को बंधक बना लिया। उसने एक वीडियो जारी कर कथित तौर पर कहा है कि वह कुछ लोगों से बात करना चाहता है और अगर उसे ऐसा करने नहीं दिया गया, तो वह सब कुछ आग लगा देगा और खुद को और बच्चों को नुकसान पहुंचाएगा। वह व्यक्ति मानसिक रूप से अस्थिर लग रहा है और पुलिस मामले को संभालने की कोशिश कर रही है।

मुंबई पुलिस का कहना है, सभी बच्चों को घटनास्थल से सुरक्षित बचा लिया गया है। रोहित आर्या नाम के व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस उससे बात कर रही है और पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उसने ऐसा कदम क्यों उठाया और क्या वह वास्तव में मानसिक रूप से अस्थिर है।

# नावों का पंजीकरण और संचालन अब भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा



नई दिल्ली (एजेंसी)। गंगा में देव दीपावली पर अनोखा जल उत्सव नजर आएगा। नौकाओं से गंगा में ट्रैफिक जाम की नौबत आ जाएगी। लिहाजा गंगा में नौकाओं की भीड़ भी अब एक बड़ी चुनौती नजर आने लगी है। अब गंगा में नौकाओं के संचालन और यातायात का नियंत्रण अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण करेगा।

सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने जानकारी दी है कि गंगा में संचालित नावों का नियंत्रण वाराणसी जल पुलिस द्वारा किया जाता है। पहले जनपद में नावों का पंजीकरण और सीएनजी संचालन का कार्य नगर निगम द्वारा किया जाता था।

हाल ही में उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण अधिनियम, 2023 के तहत उत्तर प्रदेश अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण का गठन किया गया है।

वर्तमान में नगर निगम द्वारा नावों को नए लाइसेंस जारी नहीं किए जा रहे हैं। इस स्थिति में नावों के पंजीकरण और संचालन से संबंधित कार्यों के लिए भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण द्वारा एक पोर्टल का निर्माण किया जा रहा है। यह पोर्टल जल्द ही चालू किया जाएगा, जिसके माध्यम से पंजीकरण और अन्य संबंधित कार्य प्रारंभ किए जाएंगे।

इस परिवर्तन का उद्देश्य नावों के संचालन को अधिक सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाना है। भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के गठन से न केवल नावों के पंजीकरण में सुधार होगा, बल्कि इससे जलमार्गों के विकास में भी सहायता मिलेगी।

उम्मीद की जा रही है कि नए पोर्टल के माध्यम से नावों के संचालन में आने वाली समस्याओं का समाधान होगा और इससे यात्रियों को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। इसके अलावा, यह कदम जल परिवहन के क्षेत्र में सुरक्षा और मानकों को भी सुनिश्चित करेगा।

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण का गठन और पोर्टल का निर्माण, दोनों ही जलमार्गों के विकास और संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal
हिन्दकुश
info@hindkush.in

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine
जागरयाम
info@jagrayam.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए। पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल दशमी

## संपादकीय

# डिजिटल परिवर्तन के युग में, कक्षाएं स्क्रीन, प्रोजेक्टर, टैबलेट और एआई-संचालित उपकरणों से भरी हुई स्मार्ट क्लासरूम बन गई हैं



डिजिटल परिवर्तन के युग में, कक्षाएं स्क्रीन, प्रोजेक्टर, टैबलेट और एआई-संचालित उपकरणों से भरी हुई स्मार्ट क्लासरूम बन गई हैं। ये स्थान सीखने को अधिक कुशल, इंटरैक्टिव और आधुनिक बनाने का वादा करते हैं। फिर भी, इस सभी नवाचार के बीच, कुछ सूक्ष्म लेकिन गहरा खो रहा है - शिक्षा का मानवीय स्पर्श।


कक्षा आज जो थी उससे बहुत अलग लगती है। चॉकबोर्ड टचस्क्रीन, नोटबुक टैबलेट और शिक्षकों में डिजिटल सुविधाएं बन गए हैं। सीखना अधिक स्मार्ट, तेज़ और कनेक्ट हो गया है। फिर भी, चमकती स्क्रीन और चुपचाप क्लिक के बीच कहीं एक शांत प्रश्न रहता है - हमारे स्मार्ट कक्षाओं में हमने क्या खो दिया है?

शिक्षा का आधुनिकीकरण करने की धड़कन में, कक्षा की हृदय गति - मानव संबंध - कमजोर हो गई है। एक बार, शिक्षक की आवाज में गर्मी, कहानियां और भावनाएं थीं। प्रोत्साहन की एक झलक संघर्षरत छात्र को उठा सकती है; छोटी सी बातचीत आत्मविश्वास पैदा कर सकती है। अब, सबक स्लाइड और सॉफ्टवेयर के माध्यम से बहते हैं। खिड़की के पीछे हंसी, विराम और आश्चर्य की साझा भावना अक्सर फीका पड़ती है।

प्रौद्योगिकी ने वास्तव में अंतहीन ज्ञान के लिए दरवाजे खोल दिए हैं, लेकिन उसने अदृश्य दीवारें भी बनाई हैं। गैजेट्स से घिरे छात्र पहले की तुलना में अधिक जुड़े हुए हैं - और फिर भी, वे अक्सर अकेले महसूस करते हैं। समूह चर्चा चैट बक्से का स्थान देती है; जिज्ञासा को क्लिक में मापा जाता है; सीखना कुशल लगता है लेकिन हमेशा जीवित नहीं होता। स्मार्ट कक्षाओं में, सब कुछ सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रोग्राम किया जाता है - सीखने का गड़बड़ और सुंदर हिस्सा जो गलतियों, भावनाओं और मानवीय आदान-प्रदान से आता है। एक शिक्षक ऐसे तरीकों से प्रेरित कर सकता है जो कोई भी,द्ध कभी नहीं करेगा, न कि पूर्णता के माध्यम से, बल्कि उपस्थिति के माध्यम से।शायद प्रगति केवल इस बात पर नहीं है कि हमारे कक्षाएं कितनी स्मार्ट हो जाती हैं, बल्कि यह भी कि वे कितने मानव बने रहते हैं। शिक्षा कभी भी केवल मन को खिलाने के बारे में नहीं थी; यह हमेशा आत्मा को छूने के बारे में था।एक स्मार्ट कक्षा निस्संदेह सूचना तक पहुंच को बढ़ा देती है। पाठ दोहराए जा सकते हैं, प्रश्नोत्तरी स्वचालित रूप से ग्रेड की जाती है और आभासी सिमुलेशन अमूर्त विचारों को जीवन में लाता है। हालांकि, शिक्षा केवल डेटा वितरण के बारे में नहीं है; यह शिक्षक और छात्र - जिज्ञासा और खोज के बीच संबंध के बारे में है। जब सीखना बहुत स्वचालित हो जाता है, तो व्यक्तिगत मार्गदर्शन की गर्मी अक्सर फीकी पड़ जाती है। पहले, एक शिक्षक छात्र के चेहरे पर भ्रम महसूस कर सकता था, रुक सकता था और कहानी या उदाहरण के साथ फिर से समझा सकता था। अब, स्क्रीन न तो घूरती है और न ही हाथ उठाती है; यह बस चलता रहता है। वास्तविक बातचीत की लय - छोटे-छोटे मजाक, साझा मौन, समझ की स्पार्क - अक्सर पूर्व प्रोग्राम इंटरैक्शन से प्रतिस्थापित होती है। इसके अलावा, छात्र सक्रिय प्रतिभागियों के बजाय निष्क्रिय उपभोक्ता बन सकते हैं।

जब प्रौद्योगिकी गति निर्धारित करती है, तो रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच पीछे बैठ सकती है। डिजिटल दक्षता का पीछा करते समय, हम ऐसे शिक्षार्थियों को उत्पन्न करने का जोखिम उठाते हैं जो जल्दी क्लिक कर सकते हैं लेकिन धीरे-धीरे सोच सकते हैं। एक और शांत हानि सामाजिक शिक्षा है। समूह चर्चाएं, हस्तलिखित नोट्स और आमने-सामने की बहस सहानुभूति और टीमवर्क का निर्माण करती हैं - ऐसे गुण जिन्हें कोई एल्गोरिथ्म नकल नहीं कर सकता।

# सरदार पटेल



सरदार वल्लभभाई पटेल प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री थे। वे सरदार पटेल के उपनाम से प्रसिद्ध हैं। सरदार पटेल भारतीय बैरिस्टर और प्रसिद्ध राजनेता थे। भारत के स्वाधीनता संग्राम के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेताओं में से वे एक थे। 1947 में भारत की आज़ादी के बाद पहले तीन वर्ष वे उप प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, सूचना मंत्री और राज्य मंत्री रहे थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद क़रीब पाँच सौ से भी ज़्यादा देसी रियासतों का एकीकरण एक सबसे बड़ी समस्या थी। कुशल कूटनीति और ज़रूरत पड़ने पर सैन्य हस्तक्षेप के जरिए सरदार पटेल ने उन अधिकांश रियासतों को तिरंगे के तले लाने में सफलता प्राप्त की। इसी उपलब्धि के चलते उन्हें लौह पुरुष या भारत का बिस्मार्क की उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्हें मरणोपरांत वर्ष 1991 में भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया। वर्ष 2014 में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती (31 अक्टूबर) राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है।

### जीवन परिचय

सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर, 1875 ई. में नाडियाद, गुजरात में हुआ था। उनका जन्म लेवा पट्टीदार जाति के एक समृद्ध ज़मींदार परिवार में हुआ था। वे अपने पिता झवेरभाई पटेल एवं माता लाड़बाई की चौथी संतान थे। सोमभाई, नरसीभाई और विट्ठलदास झवेरभाई पटेल उनके अग्रज थे। पारम्परिक हिन्दू माहौल में पले-बढ़े सरदार पटेल ने करमसद में प्राथमिक विद्यालय और पेटलाद स्थित उच्च विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की, लेकिन उन्होंने अधिकांश ज्ञान स्वाध्याय से ही अर्जित किया। 16 वर्ष की आयु में उनका विवाह हो गया। 22 साल की उम्र में उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास की और ज़िला अधिवक्ता की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए, जिससे उन्हें वक़ालत करने की अनुमति मिली। सन 1900 में उन्होंने गोधरा में स्वतंत्र ज़िला अधिवक्ता कार्यालय की स्थापना की और दो साल बाद खेड़ा ज़िले के बोरसद नामक स्थान पर चले गए।

### परिवार

सरदार पटेल के पिता झबेरभाई एक धर्मपरायण व्यक्ति थे। गुजरात में सन 1829 ई. में स्वामी सहजानन्द द्वारा स्थापित स्वामी नारायण पंथ के वे परम भक्त थे। 55 वर्ष की अवस्था के उपरान्त उन्होंने अपना जीवन उसी में अर्पित कर दिया था। वल्लभभाई ने स्वयं कहा है- ÷मैं तो साधारण कुटुम्ब का था। मेरे पिता मन्दिर में ही ज़िन्दगी बिताते थे और वहीं उन्होंने पूरी की।÷ वल्लभभाई की माता लाड़बाई अपने पति के समान एक धर्मपरायण महिला थीं। वल्लभभाई पाँच भाई व एक बहन थे। भाइयों के नाम क्रमशः सोभाभाई, नरसिंहभाई, विट्ठलभाई, वल्लभभाई और काशीभाई थे। बहन डाबीहा सबसे छोटी थी। इनमें विट्ठलभाई तथा वल्लभभाई ने राष्ट्रीय आन्दोलन में भाग लेकर भारतीय इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान ग्रहण किया। माता-पिता के गुण संयम, साहस, सहिष्णुता, देश-प्रेम का प्रभाव वल्लभभाई के चरित्र पर स्पष्ट था।

### व्यावसायिक शुरुआत

एक वकील के रूप में सरदार पटेल ने कमज़ोर मुक़दमे को सटीकता से प्रस्तुत करके और पुलिस के गवाहों तथा अंग्रेज़ न्यायाधीशों को चुनौती देकर विशेष स्थान अर्जित किया। 1908 में पटेल की पत्नी की मृत्यु हो गई। उस समय उनके एक पुत्र और एक पुत्री थी। इसके बाद उन्होंने विधुर जीवन व्यतीत किया। वक़ालत के पेशे में तरक़्क़ी करने के लिए कृतसंकल्प पटेल ने मिड्ल टेंपल के अध्ययन के लिए अगस्त, 1910 में लंदन की यात्रा की। वहाँ उन्होंने मनोयोग से अध्ययन किया और अंतिम परीक्षा में उच्च प्रतिष्ठा के साथ उत्तीर्ण हुए।

फ़रवरी, 1913 में भारत लौटकर सरदार पटेल अहमदाबाद में बस गए और तेज़ी से उन्नति करते हुए अहमदाबाद अधिवक्ता बार में अपराध क़ानून के अग्रणी बैरिस्टर बन गए। गम्भीर और शालीन पटेल अपने उच्च स्तरीय तौर-तरीक़ों और चुस्त, अंग्रेज़ी पहनावे के लिए जाने जाते थे। वह अहमदाबाद के फ़ैशनपरस्त गुजरात क्लब में ब्रिज के चैंपियन होने के कारण भी विख्यात थे। 1917 तक वे भारत की राजनीतिक गतिविधियों के प्रति उदासीन रहे।

### सत्याग्रह से जुड़ाव

सन 1917 में मोहनदास करमचन्द गांधी से प्रभावित होने के बाद सरदार पटेल ने पाया कि उनके जीवन की दिशा बदल गई है। वे गाँधीजी के सत्याग्रह (अहिंसा की नीति) के साथ तब तक जुड़े रहे, जब तक वह अंग्रेज़ों के खिलाफ़ भारतीयों के संघर्ष में कारगर रहा। लेकिन उन्होंने कभी भी खुद को गाँधीजी के नैतिक विश्वासों व आदर्शों के साथ नहीं जोड़ा। उनका मानना था कि उन्हें सार्वभौमिक रूप से लागू करने का गाँधी का आग्रह, भारत के तत्कालीन राजनीतिक, आर्थिक व सामाजिक परिप्रेक्ष्य में अप्रासंगिक है। फिर भी गाँधीजी के अनुसरण और समर्थन का संकल्प करने के बाद पटेल ने अपनी शैली और वेशभूषा में परिवर्तन कर लिया। उन्होंने गुजरात क्लब छोड़ दिया और भारतीय किसानों के समान सफ़ेद वस्त्र पहनने लगे तथा भारतीय खान-पान को पूरी तरह से अपना लिया।

### बारदोली सत्याग्रह का नेतृत्व

सन 1917 से 1924 तक सरदार पटेल ने अहमदनगर के पहले भारतीय निगम आयुक्त के रूप में सेवा प्रदान की और 1924 से 1928 तक वे इसके निर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष भी रहे। 1918 में उन्होंने अपनी पहली छाप छोड़ी, जब भारी वर्षा से फ़सल तबाह होने के बावजूद बम्बई सरकार द्वारा पूरा सालाना लगान वसूलने के फ़ैसले के विरुद्ध उन्होंने गुजरात के कैरा ज़िले में किसानों और काश्तकारों के जनांदोलन की रूपरेखा बनाई। 1928 में पटेल ने बढ़े हुए करों के खिलाफ़ बारदोली के भूमिपतियों के संघर्ष का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया। बारदोली सत्याग्रह के कुशल नेतृत्व के कारण उन्हें सरदार की उपाधि मिली और उसके बाद देश भर में राष्ट्रवादी नेता के रूप में उनकी पहचान बन गई। उन्हें व्यावहारिक, निर्णायक और यहाँ तक कि कठोर भी माना जाता था तथा अंग्रेज़ उन्हें एक ख़तरनाक शत्रु मानते थे।

### राजनीतिक दर्शन

सरदार पटेल क्रान्तिकारी नहीं थे। 1928 से 1931 के बीच भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उद्देश्यों पर हो रही महत्त्वपूर्ण बहस में पटेल का विचार था[4] कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का लक्ष्य स्वाधीनता नहीं, बल्कि ब्रिटिश राष्ट्रकुल के भीतर अधिराज्य का दर्जा प्राप्त करने का होना चाहिए। जवाहरलाल नेहरू के विपरीत, जो स्वतंत्रता के लिए संघर्ष में हिंसा की अनदेखी करने के पक्ष में थे, पटेल नैतिक नहीं, व्यावहारिक आधार पर सशस्त्र आन्दोलन को नकारते थे। पटेल का मानना था कि यह विफल रहेगा और इसका ज़बरदस्त दमन होगा। महात्मा गाँधी की भाँति पटेल भी भविष्य में ब्रिटिश राष्ट्रकुल में स्वतंत्र भारत की भागीदारी में लाभ देखते थे। बशर्ते भारत को एक बराबरी के सदस्य के रूप में शामिल किया जाए। वह भारत में आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास क़ायम करने पर ज़ोर देते थे, लेकिन गाँधीजी के विपरीत, वह हिन्दू-मुस्लिम एकता को स्वतंत्रता की पूर्व शर्त नहीं मानते थे।

बलपूर्वक आर्थिक और सामाजिक बदलाव लाने की आवश्यकता के बारे में सरदार पटेल जवाहरलाल नेहरू से असहमत थे। पारम्परिक हिन्दू मूल्यों से उपजे रूढ़िवादी पटेल ने भारत की सामाजिक और आर्थिक संरचना में समाजवादी विचारों को अपनाने की उपयोगिता का उपहास किया। वह मुक्त उद्यम में यक़ीन रखते थे। इस प्रकार, उन्हें रूढ़िवादी तत्वों का विश्वास प्राप्त हुआ तथा उनसे प्राप्त धन से ही भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की गतिविधियाँ संचालित होती रहीं।

### जेलयात्रा

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1929 के लाहौर अधिवेशन में सरदार पटेल, महात्मा गाँधी के बाद अध्यक्ष पद के दूसरे उम्मीदवार थे। गाँधीजी ने स्वाधीनता के प्रस्ताव को स्वीकृत होने से रोकने के प्रयास में अध्यक्ष पद की दावेदारी छोड़ दी और पटेल पर भी नाम वापस लेने के लिए दबाव डाला। इसका प्रमुख कारण मुसलमानों के प्रति पटेल की हठधर्मिता थी। अंततः जवाहरलाल नेहरू अध्यक्ष बने। 1930 में नमक सत्याग्रह के दौरान पटेल को तीन महीने की जेल हुई। मार्च, 1931 में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कराची अधिवेशन की अध्यक्षता की। जनवरी, 1932 में उन्हें फिर गिरफ़्तार कर लिया गया।

# इन 2 शहरों में रखा है RBI ने अपना सोना, कितने मजबूत ये Gold Vault




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय रिजर्व बैंक के पास कुल 880 टन सोना है, जो गोल्ड रिजर्व में रखा हुआ। लेकिन, क्या आप जानते हैं यह स्वर्ण भंडार कहां स्थित है और 880 टन सोने को किस फॉर्मेट में रखा हुआ है। आमतौर पर निवेश के लिए गोल्ड को बिस्किट, ब्रिक और बार के रूप में खरीदा जाता है। आरबीआई के पास गोल्ड रिजर्व में सोना, ब्रिक यानी ईंटों के तौर पर संग्रहित है। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस साल जून में अपने गोल्ड रिजर्व को जनता के सामने रखा था। इस दौरान एक खास वीडियो में आरबीआई के गोल्ड रिजर्व की झलक देखने को मिली थी।

आइये आपको बताते हैं आरबीआई का यह गोल्ड रिजर्व कहां पर स्थित है और यहां रखी गई सोने की ईंटों का वजन और कीमत कितनी है।

कहां है RBI का स्वर्ण भंडार- भारतीय रिजर्व बैंक ने एक डॉक्यूमेंट्री के जरिए इस साल जून में पहली बार अपने 'गोल्ड वॉल्ट' को दिखाया। 'आरबीआई अनलॉक्ड- बियॉन्ड द रुपी' शीर्षक से जारी पांच पार्ट वाली एक डॉक?यूमेंट्री में आरबीआई के इस गुप्?त खजाने की तस्वीरें सामने आईं। रिजर्व बैंक के यह गोल्ड वॉल्ट, जहां 880 टन सोना रखा हुआ, ये मुंबई और नागपुर में स्थित है। दरअसल, वॉल्ट का मतलब, ऐसा स्थान होता है जहां पैसा और अन्य कीमती वस्तुएं सुरक्षित स्थान पर रखी जाती हैं। वॉल्ट की दीवारें मोटी और दरवाजा बहुत मजबूत होता है।

आरबीआई के गोल्ड रिजर्व बैंक ने सोने को ईंटों के रूप में संग्रहित किया है। खास बात है कि इस स्वर्ण भंडार में रखी हर ईंट का वजन 12.5 किलोग्राम है। अगर सोने के मौजूदा भाव से एक ईंट की कीमत निकाली जाए तो यह करीब 14,9066250 की बैठती है।

IBJA की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, 999 शुद्धता वाले सोने का मौजूदा भाव 119253 रुपये प्रति दस ग्राम है। अगर इस भाव से 12.5 किलोग्राम सोने की कीमत निकाली जाए तो वह 14 करोड़ 90 लाख रुपये बैठती है।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक ने कितनी कंपनियों में लगाया पैसा, करोड़ों में है निवेश

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के सबसे अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और सीएमडी हैं। देश की इस सबसे मूल्यवान कंपनी के अंदर कई कंपनियां, जैसे- रिलायंस जियो, रिलायंस रिटेल और ऑयल टू केमिकल कारोबार शामिल है। इसके अलावा भी रिलायंस ग्रुप ने कई अन्य छोटी कंपनियों को खरीदा है और इनमें निवेश किया है। मुकेश अंबानी का शेयर बाज़ार निवेश उनके पारिवारिक समूह, निजी ट्रस्टों और होल्डिंग कंपनियों के एक नेटवर्क के माध्यम से है। उनके पास ऋङ्करु में 50.07त्न का कंट्रोलिंग स्टैक है। क्या आप जानते हैं मुकेश अंबानी की इन सभी कंपनियों में कितनी हिस्सेदारी और किन-किन कंपनियों में उन्होंने इन्वेस्टमेंट किया है।

किन कंपनियों में मुकेश अंबानी की कितनी हिस्सेदारी - रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड- भारत की इस सबसे मूल्यवान कंपनी में मुकेश अंबानी और उनकी फैमिली की 50.01 फीसदी हिस्सेदारी है, जो उन्हें कंपनी का प्रमोटर बनाती है। ऋङ्करु में मुकेश अंबानी की कुल हिस्सेदारी की वैल्यू 950,394.83 है।

जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड- इस कंपनी में मुकेश अंबानी का कुल स्टैक 19.80 प्रतिशत है और इसकी वैल्यू 28,983.59 है।

नेटवर्क18 मीडिया एंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड- इस मीडिया कंपनी में मुकेश अंबानी 40 फीसदी की हिस्सेदारी रखते हैं और इसकी वैल्यू ?2,684.93 है। इस कंपनी के शेयर मार्केट में अलग से लिस्टेड हैं।

## अदाणी ग्रुप की इस कंपनी का मुनाफा 11 फीसदी गिरा, 6 महीने में 50 फीसदी रिटर्न वाले स्टॉक को बेचने की लगी होड़



नई दिल्ली (एजेंसी)। अदाणी पावर ने वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए अपनी दूसरी तिमाही के परिणामों की घोषणा की है। अदाणी समूह की कंपनी ने 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अपने समेकित शुद्ध लाभ में 11 प्रतिशत की साल-दर-साल गिरावट के साथ ? 2,953 करोड़ की गिरावट दर्ज की, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 3,332 करोड़ था।

इसके अलावा, कंपनी ने इस तिमाही में राजस्व में 0.88 प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी हासिल की। वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में अदाणी पावर का समेकित परिचालन राजस्व 13,456.84 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2025 की इसी तिमाही में कंपनी का समेकित राजस्व 13,338.88 करोड़ रुपये था।

अदाणी पावर का शेयर पिछले 5 दिन में 3.14त्न गिरा है। आज इसमें हाई लेवल से 2 फीसदी की गिरावट देखने को मिली। अदाणी पावर के शेयर ने 164.70 रुपये का हाई और 160.20 रुपये का लो लेवल बनाया है। फिलहाल यह 161 रुपये के आस-पास कारोबार कर रहा है।

अदाणी पावर का EBITDA भी तिमाही में स्थिर रहा। कंपनी ने वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में 6,001.24 करोड़ रुपये का EBITDA दर्ज किया, जबकि वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में यह 5,999.54 करोड़ रुपये था, यानी केवल 0.03 प्रतिशत की बढ़ोतरी।

अदाणी पावर ने कहा कि मानसून के समय से पहले आने के कारण तिमाही में मांग कम रही। कंपनी ने कहा कि अप्रत्याशित मौसम के कारण पीक और नॉन-पीक घंटों में मांग प्रभावित हुई है, जिससे व्यापारिक बाज़ार में टैरिफ़ कम हो गए हैं।

इसके अलावा, कंपनी ने कहा कि गर्मी की लहर की घटना के कारण उच्च आधार प्रभाव और परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में मांग में बढ़ोतरी से बिजली की मांग में बढ़ोतरी संख्या और अधिक प्रभावित हुई।

## मुकेश अंबानी की रिलायंस का शेयर 1 साल में कितना भागेगा, एक्सपर्ट ने बताया टारगेट प्राइस



नई दिल्ली (एजेंसी)। मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्री के शेयरों पर निवेशकों की पैनी नजर रहती है। रिलायंस और इसी तरह की अन्य लॉर्ज कैप कंपनियों में निवेश करना कम जोखिम भरा माना जाता है। क्योंकि लॉर्ज कैप स्टॉक लॉन्ग टर्म के हिसाब से बहुत ही असरदार साबित होते हैं। रिलायंस भी उन्हीं में से एक है। इसके शेयर लॉन्ग टर्म के हिसाब से बेहतर साबित हो सकते हैं। अब इसके शेयरों को लेकर बहुत लोगों के मन में कई सवाल रहते हैं। जैसे बहुत से लोग अगले एक साल का टारगेट प्राइस जानना चाहते हैं कि आखिर अगले एक साल में रिलायंस का शेयर कितना रिटर्न दे सकता है। आइए इसका जवाब जानते हैं।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड ने रिलायंस को लेकर एक रिसर्च रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट फर्म ने रिलायंस का टारगेट प्राइस बताया है। आइए जानत हैं कि आखिर मुकेश अंबानी की कंपनी का शेयर अगले एक साल में कहां तक जा सकता है।

कहां तक जाएगा रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का शेयर- Geojit Investments Ltd के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का शेयर अगले एक साल में 12 फीसदी से अधिक रिटर्न दे सकता है। आज यानी 30 अक्टूबर 2025 को रिलायंस का शेयर ह्रस्श्व पर इस खबर को लिखते वक्त 1,489.50 रुपये पर ट्रेड कर रहा हैं।

## आपके सोने के गहने असली हैं या नकली, पता करने के लिए अपनाएं ये तरीके



नई दिल्ली (एजेंसी)। सोने के शौकीनों के लिए गोल्ड ज्वेलरी कई तरह के स्टाइल और रंगों में मिलती है, जैसे पीला सोना, सफेद सोना और रोज गोल्ड। हालांकि इन अलग-अलग स्टाइल को ट्रेडिशनल और मॉडर्न में बांटा जा सकता है, लेकिन एक बात कॉमन है - सोने की कीमत। सदियों से सोने की कीमत में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। आज लोग सोना सिर्फ ज्वेलरी के तौर पर ही नहीं, बल्कि इन्वेस्टमेंट के लिए भी खरीदते हैं।

सोने की कीमत उसकी प्योरिटी के हिसाब से अलग-अलग होती है। सोने की ज्वेलरी, गहनों और दूसरी चीज़ों के मालिकों को हमेशा से सोने की प्योरिटी का महत्व पता रहा है। कई व्यापारी उन लोगों को धोखा देने के लिए धोखाधड़ी और नकली चीजों का इस्तेमाल करते हैं जिन्हें प्योरिटी की पहचान करना नहीं आता। असली सोने और नकली सोने में देखकर फर्क करना बहुत मुश्किल है, भले ही 24 कैरेट सोने का रंग और चमक 10 कैरेट सोने से अलग होती है। अपने सोने के इन्वेस्टमेंट से ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने के लिए असली सोने और नकली सोने की पहचान करना जरूरी है। आज हम आपको बताएंगे कि कैसे आपको पता करना है कि कोई सोना असली है या नकली?

कैसे पता करें कि सोना असली है या नकली- भारत सरकार ने जून 2021 में सोने की चीजों के लिए हॉलमार्क जरूरी कर दिया था। सोने के मालिक हॉलमार्क सर्टिफिकेशन पक्का करने के लिए ज्वेलरी के पीस पर ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स का निशान, कैरेट और ज्वेलर का आइडेंटिफिकेशन मार्क देख सकते हैं। लेकिन इसके अलावा अगर आप कुछ चीजों का टेस्ट करके सोने की प्योरिटी को चेक करना चाहते हैं तो भी कर सकते हैं। हम आपको तीन ऐसे तरीके बताएंगे जिनकी मदद से आप यह पता कर सकते हैं कि आपके घर में रखी ज्वेलरी या फिर आपने जो नई ज्वेलरी खरीदी है वो असली सोने की है या नहीं। आइए जानते हैं।

एसिड टेस्ट- सोने की प्योरिटी टेस्ट करने का सबसे असली और भरोसेमंद तरीका एसिड टेस्ट है। इस टेस्ट की एक्यूरेसी काफी ज्यादा होती है, और इसे आसानी से घर पर किया जा सकता है। प्योर सोना नाइट्रिक एसिड के साथ रिएक्ट नहीं करता है, लेकिन जिंक और कॉपर जैसे दूसरे अलॉय के साथ रिएक्ट करता है।

## सिर्फ 5 पैसे का डिविडेंड दे रही ये कंपनी, 1 लाख रुपये की कमाई के लिए कितने शेयर खरीदने पड़ेंगे?



नई दिल्ली (एजेंसी)। हम आपको एक ऐसे स्टॉक के बारे में बता रहे हैं जिसने सिर्फ 0.05 रुपये के डिविडेंड की घोषणा की है। इस हिसाब से यदि आपको डिविडेंड से 1 लाख रुपये की कमाई करनी है कमाई तो 20 लाख शेयर खरीदने होंगे। और इसका शेयर अभी 55.52 रुपये का है, आपको 20 लाख शेयर के 11,10,40,000 रुपये में चुकाने पड़ेंगे।

इतने कम डिविडेंड की घोषणा के बावजूद सैजिलिटी के शेयर में तूफानी तेजी देखने को मिल रही है। दिन के कारोबार में इसके शेयरों में 12त्न से ज्यादा की तेजी देखने को मिली। बीएसई पर इसने 57.89 रुपये प्रति शेयर की नई रिकॉर्ड ऊंचाई को छुआ।

किस वजह से दिख रही तेजी- कंपनी के शेयर प्राइस में यह तेज उछाल 29 अक्टूबर को बाजार बंद होने के बाद सितंबर तिमाही के परिणामों की घोषणा के बाद आया। कंपनी ने मजबूत रेवेन्यू बढ़ोतरी के साथ-साथ Q2 में मुनाफे में गजब की बढ़ोतरी हासिल की है।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# छिंदवाड़ा में जनपद CEO की गाड़ी पर लगा अवैध सायरन, अधिकारी के टोल छूट को लेकर भड़के लोग






छिंदवाड़ा। चौरई जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) की सरकारी गाड़ी पर लगे सायरन और टोल नाके पर टोल शुल्क से छूट लेने के मामले ने प्रशासनिक मर्यादा और नियमों के उल्लंघन को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने एक जिम्मेदार अधिकारी द्वारा स्वयं नियम तोड़ने पर रोष व्यक्त किया है।

जानकारी के अनुसार, जनपद सीईओ तरुण राहंगडाले की सरकारी गाड़ी पर अवैध रूप से सायरन लगा हुआ था।

टोल नाके के कर्मचारियों ने बताया कि गाड़ी पर लगे सायरन और सरकारी बोर्ड को देखकर वे इसे उच्च अधिकारी का शासकीय वाहन समझते थे, जिसके कारण बार-बार यह वाहन बिना टोल शुल्क चुकाए पार किया जाता रहा। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि यह वाहन आए दिन अपने कार्यक्षेत्र से बाहर घूमता रहा और अधिकारी ड्यूटी समय में निजी कार्यों में व्यस्त रहते थे। नियमों के उल्लंघन पर उठे सवाल

स्थानीय नागरिकों ने सवाल उठाया है कि जब शासन ने सायरन और विशेष लाइट के उपयोग पर सख्ती से रोक लगा रखी है, तो जनपद सीईओ जैसी जिम्मेदार कुर्सी पर बैठा अधिकारी स्वयं ही नियम तोड़ रहा है, तो आम जनता से नियम पालन की उम्मीद कैसे की जा सकती है? यह कृत्य सीधे तौर पर शासन की गरिमा पर सवाल खड़े करता है।इस पूरे मामले पर जनपद पंचायत सीईओ तरुण राहंगडाले का कहना है कि ÷वह शासकीय काम से गए थे। जहाँ तक टोल की बात है, बार-बार जाना पड़ता है इसलिए अब मासिक पास ही बनवा लिया है। हालाँकि, सायरन के उपयोग और पूर्व में बिना शुल्क पार होने के विषय पर उन्होंने कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है।

# छिंदवाड़ा के बिछुआ में कफ सीरप पीने से 5 महीने की बच्ची की मौत की आशंका, परिजनों ने थाने में शिकायत की





छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा जिले में जहरीले कफ सीरप का संकट गहराता जा रहा है। बिछुआ में कफ सीरप के सेवन के बाद एक 5 महीने की बच्ची की मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने बच्ची को सीरप पिलाने के बाद उसकी जान जाने का आरोप लगाते हुए बिछुआ थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

**आयुर्वेदिक सीरप पर संदेह**–बच्ची का नाम रुही मिनोटे (पिता संदीप मिनोटे, निवासी बिछुआ वार्ड नंबर 12) बताया जा रहा है। परिजनों का कहना है कि उन्होंने क्षेत्र के किसी निजी मेडिकल स्टोर से कफ सीरप खरीदकर बच्ची को पिलाया था, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई। बताया जा रहा है कि जिस कफ सीरप पर संदेह है, वह आयुर्वेदिक है। घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और संदेह के घेरे में आए सीरप का पंचनामा बनाने की कार्रवाई कर रही है। परिजन इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए बिछुआ थाने पहुंचे हैं। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है और स्वास्थ्य विभाग की जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# मध्य प्रदेश में बेमौसम बारिश से सोयाबीन, सरसों, धान, उड़द, गेहूं, मटर और तिल की फसल को भी हुआ नुकसान

भोपाल। बेमौसम बारिश ने राज्य के कई क्षेत्रों में किसानों की मुसीबत बढ़ा दी है। आगर मालवा, ग्वालियर-चंबल व विंध्य महाकोशल से फसलों के नुकसान की खबरें हैं। खेत खलिहानों में रखी कटी फसल और खेतों में खड़ी फसल को खासा नुकसान पहुंचा है। खंडवा में इस बार मौसम ने पहले सोयाबीन की फसल को प्रभावित किया और अब फसल भीगने से मक्का में अंकुरण शुरू हो गया है। सूखने के लिए रखी उपज भीगने से काली भी पड़ रही है। 50 से 60 प्रतिशत नुकसान हुआ है।

चक्रवात  की वजह से रतलाम जिले में पांचवें दिन बुधवार को भी मावठे का असर बना रहा। इससे मटर की फसल खराब हो रही है, वहीं ज्यादातर किसान खेतों में जलजमाव, अत्यधिक नमी के चलते रबी की तैयारी व बोवनी नहीं कर पा रहे हैं। बुरहानपुर जिले की खकनार तहसील के 20 से ज्यादा गांवों में मक्का, सोयाबीन, कपास फसल भीगी है। किसानों को फसल सुखाने का मौका नहीं मिल रहा है। आलीराजपुर में मक्का, सोयाबीन और उड़द की फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। उज्जैन के नागदा, बड़नगर और खाचरौद में खेतों में पानी भर गया है। गेहूं और मटर की फसल प्रभावित हुई है। धार के बदनावर क्षेत्र में चार घंटे में 76 मिमी बारिश हुई है। इससे खेतों में जलभराव की स्थिति बनी। खुले में पड़ी सोयाबीन और मक्का की फसल भीग गई। तेज हवा से पपीता के पौधे टूटकर गिर गए। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यह बारिश मटर के फूल और फलियों दोनों के लिए हानिकारक है। गुणवत्ता और उपज दोनों पर असर पड़ेगा।

**महाकोशल-विंध्य में भी नुकसान**–महाकोशल-विंध्य के जिलों में भी फसलों को असमय बारिश से नुकसान पहुंचा है। डिंडौरी जिले में बारिश होने से सोयाबीन की फसल अधिक प्रभावित हुई है। दाने काले पड़ गए हैं। पककर तैयार धान की फसल भी प्रभावित हो रही है। बारिश से सोयाबीन,उड़द की फसल पहले ही खराब हो चुकी है। खेत में कटकर रखी धान की फसल भीग गई है, जिसमें अंकुरण होने का अंदेशा बना हुआ है। अभी बारिश के आसार बने हुए हैं, जिससे धान सहित अन्य फसलों और सब्जियों को भारी नुकसान हो सकता है। अनूपपुर में खेतों में पानी भरने से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। हालांकि कृषि विभाग के अनुसार 15 प्रतिशत से कम क्षति हुई है, जिसे नुकसान के दायरे में नहीं माना जाएगा। जल्द ही सर्वे शुरू होगा।

**ग्वालियर चंबल अंचल में बारिश ने रबी फसलों पर बरसाया कहर**–ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में खरीफ के समय बारिश से फसल बर्बादी की बाद अब रबी के मौसम में तीन दिन की बारिश ने खेतों में खड़ी धान, बाजरा, मटर, तिल, ज्वार आदि की फसलों में करीब 50 से 60 प्रतिशत नुकसान कर दिया है। सरसों की बुवाई हो चुकी है, खेतों में पानी भरने से फसल खराब हो गई है। ग्वालियर, दतिया, श्योपुर आदि जिलों में धान की फसल को अधिक नुकसान पहुंचा है। ग्वालियर जिले में ही एक लाख 10 हजार हेक्टेयर में धान की फसल है। अभी तक 15 प्रतिशत फसल ही कट सकी है।

# तीसरी मंजिल से गिरा छात्र, हालत गंभीर; इंस्टाग्राम पर हैं पांच लाख से ज्यादा फॉलोवर्स



भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में एक गंभीर हादसा हो गया है। विश्वविद्यालय की तीसरी मंजिल से एक छात्र दिव्यांश चौकसे नीचे गिर गया, शरीर पर कई जगह चोट लगने से से उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## *छात्र की हालात गंभीर*

बताया जा रहा है कि दिव्यांस चौकसे माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग छात्र है। छात्र विश्वविद्यालय की तीसरी मंजिल से नीचे गिर गया।दिव्यांस चौकसे मॉस कॉम का पीजी का छात्र है। छात्र की हालत गंभीर है और उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छात्र के स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जा रही है। डॉक्टरों ने हालत गंभीर बताई है। दिव्यांश का इंस्टाग्राम पर एनसीईआरटी ज्ञान नाम से अकाउंट भी है, जिसमें 5 लाख से ज्यादा फॉलोवर्स हैं।

# अनूपपुर में दर्दनाक हादसा, ड्यूटी से लौट रहे स्कूटी सवार शिक्षक को ट्रक ने मारी टक्कर; मौके पर मौत




अनूपपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग-43 में पसला के मैरटोला के पास बुधवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। ट्रक से स्कूटी सवार शिक्षक टकरा गया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल 60 वर्षीय शिक्षक की मौत हो गई है।

घटना के संबंध में बताया गया कि नगर अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 9 निवासी शंकरलाल पिता सुखीराम टांडिया 60 वर्ष जो ग्राम पयारी नंबर एक शासकीय विद्यालय में उच्च श्रेणी शिक्षक के पद पर पदस्थ रहे हैं बुधवार की देर शाम अपनी स्कूटी से अनूपपुर आ रहे थे तभी राष्ट्रीय राज्यमार्ग में ग्राम पंचायत पसला के मैरटोला के समीप मोड़ में ट्रक क्रमांक सीजी 29 एबी 0143 से टकरा गए जिससे उनके शरीर में गंभीर चोट आई। घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को राहगीरों ने दी। पुलिस घटनास्थल पहुंच घायल शिक्षक टांडिया को एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय अनूपपुर भेजा। ड्यूटी डॉक्टर ने घायल शिक्षक को जांच परीक्षण उपरांत मृत बताया।

गुरुवार सुबह जिला अस्पताल पुलिस ने स्वजनों की उपस्थिति में मृत शिक्षक के शव का पंचनामा कर पीएम कराने बाद अंतिम संस्कार हेतु स्वजनों को सौपा। घटना पर कोतवाली पुलिस द्वारा ट्रक जब्त कर लिया है।

# RSS के शताब्दी वर्ष पर कार्यकारी मंडल की बैठक शुरू, 407 पदाधिकारी जुटे; राष्ट्र निर्माण पर होगा मंथन

जबलपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (ऋस्स्) की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की तीन दिवसीय बैठक गुरुवार को शुरू हो गई है। संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत समेत देश भर के 407 शीर्ष पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस बैठक में शामिल हैं।

बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष में राष्ट निर्माण, सामाजिक समरसता और संगठन विस्तार की आगामी रणनीति पर विस्तृत मंथन होगा।

श्रद्धांजलि के साथ हुआ सत्र का आरंभ

संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र कुमार ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि बैठक का शुभारंभ उन सभी प्रमुख सामाजिक और राजनीतिक विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुआ, जिनका हाल ही में निधन हुआ है। इस दौरान, दिवंगत लोगों के समाज सेवा में दिए गए योगदान को याद किया गया। इसमेंगुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय भाई रूपाणी, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, हास्य अभिनेता गोवर्धन असरानी है।

RSS



# इंदौर जिले के सभी एसडीएम और तहसीलदारों को दिया गया मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 (SIR) का प्रशिक्षण

## पुनरीक्षण में सहयोग के लिए राजनीतिक दल मतदान केन्द्रवार नियुक्त करेंगे बूथ लेवल अभिकर्ता



इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय मध्यप्रदेश द्वारा आज मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 (एसआईआर) के संबंध में वर्चुअली प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिवम वर्मा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पंवार नवजीवन विजय, सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत श्रीवास्तव सहित सभी एसडीएम (ईआरओ) और सभी तहसीलदार (एईआरओ) आदि शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का समयबद्ध क्रियान्वयन प्रारंभ हो गया है। जहाँ एक और निर्वाचन कार्यालय द्वारा इस कार्य के लिए मतदान केन्द्रवार बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) नियुक्त किए गए हैं, वहीं दूसरी ओर सहयोग के लिए राजनीतिक दल बूथ लेवल अभिकर्ता (बीएलए) नियुक्त कर सकते हैं। आम नागरिकों के सहयोग के लिए वॉलेंटियर भी नियुक्त किए जाएंगे। भोपाल से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री संजीव कुमार झा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने विस्तार से प्रशिक्षण देते हुए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री झा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने दूसरे चरण की एसआईआर की तारीखों की घोषणा कर दी है इसमें मध्यप्रदेश भी शामिल हैं। प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू होते ही मतदाता सूची फ्रीज कर दी गई है। भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट https://voters.eci.gov.in/ पर जाकर 2003 की मतदाता सूची को देखा जा सकता है। इसके अलावा मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट https://ceomadhyapradesh.nic.in/VL 2003.aspx पर भी उपलब्ध है। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान तीन बार बीएलओ घर घर जाकर सर्वे करेंगे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6, हटवाने के लिए फॉर्म 7 और सुधार या संशोधन के लिए मतदाता को फॉर्म 8 भरना होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री झा ने बताया कि एन्यूमरेशन फार्म भरने में यदि कोई व्यक्ति मिथ्या घोषणा करता है तो जुर्माने या कारावास के लिए दंडनीय होगा।

आगामी 7 फरवरी 2026 तक चलेगी प्रक्रिया- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री झा ने बताया कि एसआईआर की प्रक्रिया 28 अक्टूबर से शुरू हो गई है जो 7 फरवरी 2026 तक चलेगी। इस बीच 3 नवंबर तक बीएलओ को ट्रेनिंग दी जाएगी। बीएलओ द्वारा 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक घर घर जाकर सर्वे किया जाएगा। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 9 दिसंबर को किया जाएगा। दावा आपत्तियों के आवेदन 9 दिसंबर से 9 जनवरी 2026 तक लिए जाएंगे।

## इंदौर को मिली एक और बड़ी उपलब्धि

इंदौर। स्वास्थ्य के क्षेत्र में इंदौर को एक और बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई है। इंदौर जिले में 31 मार्च 2025 तक 02 वर्ष से 18 वर्ष तक के क्लबफुट से ग्रसित बच्चों की सर्जरी कराने पर इंदौर जिले को क्लब फुट मुक्त जिला घोषित किया गया है। क्लब-फुट फ्री घोषित होने पर राज्य स्तर से सराहना मिली है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत 0-18 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण ग्राम स्तर पर आंगनवाड़ी केन्द्रों, शासकीय एवं शासन द्वारा अनुदान प्राप्त स्कूलों में मोबाइल हेल्थ टीम द्वारा किये जा रहे हैं। इसके तहत 4-डी (जन्मजात विकृति, बाल्यावस्था रोग, कमियां, विकासात्मक विलंब सहित विकास में देरी) के चिन्हांकन हेतु कार्य किया जा रहा है। 4-डी के अंतर्गत क्लब फुट के 02 से 18 वर्ष तक के समस्त चिन्हांकित बच्चों का उपचार / सर्जरी कराकर प्रदेश को क्लब - फुट मुक्त किया जाना मध्यप्रदेश शासन का एक प्रमुख लक्ष्य है। डॉ. सलोनी सिडाना मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल ने पत्र में कहा कि यह उपलब्धि कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की प्रतिबद्धता एवं समस्त चिकित्सा टीम के समन्वित प्रयासों का परिणाम है।

# गोपाल मंदिर में बन रहा ऑडिटोरियम हॉल माह में पूर्ण कर आगामी योजना बनाई जाए : संभागायुक्त डॉ. खाड़े

इंदौर। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने बुधवार को राजवाड़ा स्थित गोपाल मंदिर और लाल बाग पैलेस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोपाल मंदिर के इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही वहां चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को देखा और उसकी समीक्षा की। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री अर्थ जैन और संयुक्त कलेक्टर श्रीमती कल्याणी पाण्डे सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गोपाल मंदिर में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम को एक माह में पूर्ण किया जाये। संभागायुक्त



श्री खाड़े ने श्री गोपाल मंदिर के पूरे परिसर का अवलोकन किया और मंदिर के पीछे बने मार्केट का भी निरीक्षण किया तथा दुकानदारों से चर्चा की। गोपाल मंदिर में बन रहे ऑडोटोरियम हॉल के सम्बंध में कार्य पूर्ण करने के उपरांत इसकी आगामी योजना पर कार्य करने के निर्देश दिए है। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि गोपाल मंदिर कॉम्पलेक्स में बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाये और वाहनों के पार्किंग के लिये पर्याप्त व्यवस्था की जाये। साथ ही आमोद-प्रमोद के साधन कैफेटरिया भी बनाई जाये। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि श्री गोपाल मंदिर का अपना एक ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व है इसलिये एक गैलरी भी बनाई जाये। इसके पूर्व संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने गोपाल मंदिर के दर्शन किये और आशीर्वाद प्राप्त किया। संभागायुक्त डॉ. खाड़े इस दौरान लाल बाग पैलेस भी पहुंचे और वहां चल रहे रिनोवेशन कार्यों को देखा। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने लाल बाग पैलेस के दरबार हॉल, बैकेट हॉल, डॉसिंग रूम, क्राउन हॉल, सिटिंग हॉल, लायब्रेरी आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। लाल बाग पैलेस के असिस्टेंड क्यूरेटर श्री आशुतोष महाशब्दे ने बताया कि लाल बाग पैलेस को देखने के लिये बड़ी संख्या में नागरिक यहां पहुंचते हैं।

# पं. संदीप जोशी पुन: सारस्वत ब्राह्मण समाज इंदौर के अध्यक्ष निर्वाचित हुए

इंदौर। सारस्वत ब्राह्मण समाज इंदौर द्वारा वीर वीरेन्द्र गार्डन में आयोजित भव्य अन्नकूट महोत्सव में निवर्तमान अध्यक्ष एवं सर्व ब्राह्मण युवा संगठन के अध्यक्ष पं. संदीप जोशी को पुनः तीन वर्ष के लिए समाज का अध्यक्ष सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। मनोनयन की घोषणा समाज के वरिष्ठ पंडित गिरिजेश ओझा ने की।




कार्यक्रम में उपस्थित समाजजनों ने अध्यक्ष पंडित जोशी सहित सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई दी और सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। अपने उद्बोधन में पंडित संदीप जोशी ने समाज की शिक्षा, चिकित्सा और सामाजिक उत्थान के क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

## ऊर्जा मंत्री ने एम.पी. ट्रांसको में चयनित अभियंताओं को वर्चुअल समारोह में प्रदान किए नियुक्ति पत्र




इंदौर। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) में चयनित 9 नव-नियुक्त अभियंताओं को प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भोपाल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित वर्चुअल समारोह में ऑनलाइन नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इनमें 6 सहायक अभियंता (सिविल) तथा 3 सहायक अभियंता (ट्रांसमिशन) शामिल हैं।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने नवनियुक्त अभियंताओं को बधाई देते हुए कहा कि ऊर्जा क्षेत्र राज्य की प्रगति की रीढ़ है। नई पीढ़ी के अभियंता अपनी तकनीकी दक्षता और नवाचार के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 'ऊर्जा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभाएँगे।

उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की व्यक्तिगत पहल के परिणामस्वरूप ही प्रदेश की विद्युत कंपनियों में रोजगार सृजन की प्रक्रिया निरंतर आगे बढ़ रही है।


श्री तोमर ने इस अवसर पर नवनियुक्त अभियंताओं से ऑनलाइन संवाद भी किया और उनके विचार जाने। उन्होंने सभी से अपने कार्य में निष्ठा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ योगदान देने का आग्रह किया।

प्रशिक्षण से तय होती है कैरियर की दिशा - सचिव ऊर्जा- इस अवसर पर सचिव ऊर्जा श्री विशेष गढ़पाले भी मौजूद रहे। उन्होंने नवनियुक्त अभियंताओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि नौकरी के आरंभिक प्रशिक्षण को अत्यंत गंभीरता से लें, क्योंकि यही वह चरण है जहाँ से पूरे कैरियर की दिशा और पहचान तय होती है।

ट्रांसमिशन कंपनी का गौरव बनाए रखें - एम.डी. श्री तिवारी- एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक श्री सुनील तिवारी ने अपने उद्बोधन में नवनियुक्त अभियंताओं को बधाई देते हुए कहा कि कंपनी प्रतिभाशाली युवाओं को अवसर देकर अपनी तकनीकी क्षमता को और सुदृढ़ कर रही है। हमें विश्वास है कि नए अभियंता अपनी ऊर्जा, नवाचार और समर्पण से एम.पी. ट्रांसको को देश की अग्रणी ट्रांसमिशन कंपनियों में बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# अलीजा सरकार के दरबार आस्था का उल्लास, हजारों भक्त पहुंच रहे दर्शनों के लिए

इंदौर। पश्चिम क्षेत्र स्थित वीर अलीजा सरकार के दरबार में आंवला नवमी के पर कल अद्भुत और भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बुधवार सुबह 51 अलग-अलग प्रकार के फल औषधि और इत्र से अभिषेक किया गया जो 1 घंटे तक जारी रहा , फिर 50 हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल के लिए भोजन प्रसाद हेतु भट्टियों का पूजन किया गया। बड़ी संख्या में महाराज प्रसादी बनाने में जुटे हुए हैं। गादीपति ब्रह्मचारी पवनानंद महाराज ने बताया कि 30 अक्टूबर को होने वाले इस महोत्सव के



लिए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में विशेष तैयारियां हो गई हैं।आंवला नवमी के पर वीर अलीजा सरकार केसरी नंदन कल 1 किलो शुद्ध केसर से दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। यह केसर बाद में भक्तों में प्रसाद स्वरूप वितरित की जाएगी। 51 प्रकार के फलों के रस, औषधियों और इत्र से अभिषेक पूजन किया जाएगा वहीं शाम को सैकड़ों भक्त महाआरती शामिल हुए।

पर्यावरण संरक्षण...पेड़ लगाने का संदेश- ब्रह्मचारी पवनांद महाराज ने कहा कि अन्नकूट भोजन प्रसाद डिस्पोजल फ्री रहेगा। सभी भक्तों को पारंपरिक भारतीय पद्धति के अनुसार खाखरे की पत्तल पर जमीन बैठाकर प्रसादी परोसी जाएगी। जल सेवा के लिए तांबे और पीतल के लोटों में जल वितरण की व्यवस्था की जा रही है।इस वर्ष दरबार को विशेष रूप से 'जंगल थीम' में सजाया जा रहा है, ताकि पर्यावरण संरक्षण और जीव दया का संदेश समाज तक पहुंचे।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम  वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम  वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें।

# निगम अध्यक्ष कलावती यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ निगम का विशेष सम्मिलन

## प्रकरण के 14 में से 8 प्रस्तावों पर सारगर्भित चर्चा उपरांत, सदन को शुक्रवार 11.00 बजे तक स्थगित किया गया

उज्जैन। गुरूवार को निगम का मा. विशेष सम्मिलन निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव की अध्यक्षता एवं महापौर मुकेश टटवाल, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा एवं पार्षदगणों की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

सम्मिलन की कार्यवाही राष्ट्रगीत के साथ आरंभ की गई जिसके उपरांत कार्य सूची के प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया गया।

पूर्व निगम विशेष सम्मिलन दिनांक 25.08.2025 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

रेल्वे स्टेशन से श्री महाकाल मंदिर तक रोपवे प्रोजेक्ट में चिन्हित टॉवर लोकेशन पर बाधित सुलभ जन सुविधा केन्द्र इंदौरगेट के विस्थापना सम्बंधित प्रस्ताव को चर्चा उपरांत सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।



उज्जैन शहर अन्तर्गत पीपीपी मोड पर हरित अपशिष्ठ के निपटान हेतु 15 वर्षो के लिए 50 टीपीडी संयंत्र की स्थापना हेतु एजेंसी का चयन किये जाने सम्बंधित प्रस्ताव को चर्चा उपरांत सर्वानुमति से सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

उज्जैन शहर अन्तर्गत पीपीपी आधार पर कपड़ा अपशिष्ठ के निपटान/उपचार हेतु 10 वर्षो के लिए 20 टीपीडी कपड़ा अपशिष्ठ प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना एवं संचालन हेतु एजेंसी का चयन किये जाने सम्बंधित प्रस्ताव को चर्चा उपरांत सर्वानुमति से सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

कार्तिक मेला एवं प्रदर्शनी 2025 आयोजन की सैद्धांतिक स्वीकृति सम्बंधित प्रस्ताव पर सारगर्भित चर्चा उपरांत सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

भूमि आवंटन/हस्तांतरण में आपत्तियां अनापत्ति प्रस्तुत करने के सम्बंध में प्रस्तुत प्रस्ताव पर एमआईसी ठहराव अनुसार सर्वानुमति से स्वीकृति प्रदान की ई।

सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए उज्जैन शहर में इंदिरागांधी चौराहे से चामुण्डा माता मंदिर के मध्य फ्रीगंज रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण के एकरेखण में आ रहे उद्यान/रोटरी/प्रतिमा के सम्बंध में प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा उपरांत स्वीकृति प्रदन की गई।

# दादीजी की पगड़ी रस्म पर राठौर परिवार का समाजहित में अनुकरणीय योगदान

## भूमि दान से दी अमर श्रद्धांजलि, साकार हुआ संस्कार और सेवा का संगम




उज्जैन । भारतीय संस्कृति में भूमि दान को सर्वोत्तम दान कहा गया है, क्योंकि यह केवल भौतिक संपत्ति का दान नहीं, बल्कि समाज की आत्मा को स्थायी आधार देने वाला पुण्य कर्म है। भूमि दान ऐसा अमर कार्य है जो पीढ़ियों तक समाज को दिशा, दृढ़ता और संगठन का संदेश देता है। यह संस्कार, श्रद्धा और सेवा का ऐसा संगम है जिससे समाज में एकता और समृद्धि के वृक्ष सदैव फलते-फूलते रहते हैं। इसी परंपरा को जीवंत करते हुए, श्री राठौर क्षत्रिय तेली समाज ट्रस्ट के पूर्व ट्रस्टी स्व. भेरूलाल जी राठौर, स्व. गोविन्द राठौर, नानूराम जी राठौर की पावन स्मृति एवं श्रीमती भागवंती देवी राठौर की पगड़ी रस्म के अवसर पर उनके पुत्र दिनेश राठौर एवं पौत्र राठौर समाज नगरसभा उपाध्यक्ष गोपाल राठौर पत्रकार, रोहित गेहलोद, राहुल गेहलोद, चेतन गेहलोद और महेन्द्र गेहलोद (नानू) ने समाजहित में प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

सचिव धर्मेन्द्र मगरवा ने बताया कि परिवार ने श्री राठौर समाज श्री मदनमोहन वाटिका, सदावल रोड, उज्जैन हेतु भूमि दान स्वरूप 1,11,100 (एक लाख ग्यारह हजार एक सौ रुपए) का चैक श्री राठौर क्षत्रिय तेली समाज ट्रस्ट को भेंट किया। इस श्रेष्ठ कार्य से परिवार ने न केवल अपने पूर्वजों की पवित्र स्मृति को अमर किया, बल्कि समाज विकास में अमूल्य योगदान भी दिया।

### प्रभु प्रेमी संघ परिवार 5 नवंबर को मनाएगा अन्नकूट महोत्सव, प्राकट्य उत्सव

उज्जैन। प्रभु प्रेमी संघ परिवार द्वारा 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर अन्नकूट महोत्सव एवं प्राकट्य उत्सव मनाया जाएगा।

संस्था अध्यक्ष अजय पाण्डे ने बताया कि स्वामी अवधेशानंद गिरीजी महाराज की संस्था प्रभु प्रेमी संघ परिवार के अनुयायियों द्वारा 5 नवंबर बुधवार शाम 4:30 बजे से शुभारंभ गार्डन रुक्मिणी मोटर्स के पीछे देवास रोड़ उज्जैन में अन्नकूट महोत्सव मनाया जाएगा। कार्तिक पूर्णिमा पर गुरुदेवजी का जन्मोत्सव एवं 56 भोग प्रसादी का आयोजन किया जायेगा। साथ ही गुरु सत्संग किया जायेगा। सत्संग में पादूका पूजन, गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, गुरु मंत्र का जाप, श्री हनुमान चालीसा, भजन संध्या एवं गरबा उत्सव भी मनाया जाएगा।

# पशुपति गो सेवा संस्था द्वारा आगर रोड पर धरना प्रदर्शन




उज्जैन। पशुपति गो सेवा संस्था द्वारा उज्जैन-आगर रोड पर गोवंश की सुरक्षा और उचित व्यवस्था की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के कारण सड़क पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि आगर रोड पर दिन-रात बड़ी संख्या में गायें सड़क पर बैठी रहती हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं और कई गायें बीमार या घायल हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि इस स्थिति को लेकर बार-बार प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। संस्था ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर विचरने वाले सभी गौवंश को शीघ्र गौशालाओं में भेजा जाए और उनकी चिकित्सा, भोजन एवं देखभाल की समुचित व्यवस्था की जाए। प्रदर्शन लगभग एक से डेढ़ घंटे तक चला, जिसके बाद संस्था के प्रतिनिधियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था संभाली और जाम को धीरे-धीरे क्लियर कराया।

# श्री महाकाल विद्वत परिषद् एवं काशी, विद्वत परिषद् की संयुक्त बैठक शीघ्र होगी


उज्जैन। महाकालेश्वर विद्वत परिषद् के प्रमुख आचार्य पं आशीष अग्निहोत्री ने सनातन धर्म एवं सनातन धर्म के मंदिरों की परम्परा पवित्रता सदैव बनी रहे साथ ही देश में एक तिथि एक त्यौहार के संकल्प को सफल एवं सिद्ध करने के लिए शीघ्र ही काशी (वाराणसी) में दोनों विद्वत परिषद की बैठक आहुत की जाएंगी। जिसमें धर्म संबंधित विषयों पर चर्चा होगी। साथ ही देश में अंदर सनातन धर्म का संचालन ओर मार्ग दर्शन के लिए चारों पीठ के शंकराचार्यों से भी चर्चा की जाएंगी। जिसके कारण देश में  सनातन धर्म के व्रत त्यौहार मुहूर्त तिथियों को लेकर जो असमंजस हो रहा है उसे रोका जा सके ।

काशी विद्वत परिषद् ओर उज्जैन महाकाल विद्वत परिषद की बैठक में सनातन वैदिक परंपरागत ओर शास्त्रीय प्रमाण के आधार पर सम्पूर्ण विश्व में प्रत्येक त्यौहार, व्रत ओर तिथि को लेकर एक मत हो ओर कोई भी जनमानस तिथि व्रत त्योहार को लेकर धर्म संकट में ना रहे इस पर गहन अध्ययन चिंतन किया जाएगा।

काशी विद्वत परिषद् और उज्जैन महाकाल विद्वत परिषद् की बैठक में जो निर्णय प्रस्तावित होगा उस निर्णय को हमारे चारों पीठ के शंकराचार्यों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। विद्वत परिषद् ओर शंकराचार्यों द्वारा जो अंतिम निर्णय प्रस्तावित होगा, वह निर्णय संपूर्ण भारत के विद्वानों  ओर ज्योतिषाचार्यो द्वारा जितने भी पंचांग, कैलेंडर प्रकाशित किए जाते है उनके मध्यस्थ रखा जाएगा। एक मत से हमारे पंचाग प्रकाशित हो समाज दिग्भ्रमित ना हो यही काशी विद्वत ओर उज्जैन महाकाल विद्वत परिषद् अवधारणा है। विद्वत परिषद् सम्पूर्ण सनातन के विद्वानों की सर्वसम्मति चाहती है। सर्वसम्मती की अवमानना करने पर काशी ओर उज्जैन महाकाल विद्वत परिषद् से शास्त्रार्थ करना होगा।

# 1 नवंबर को मनाया जाएगा श्री खाटू श्याम का जन्मोत्सव

## हवन-पूजन, के साथ होंगे भजन-कीर्तन, महाआरती के बाद होगा महाप्रसादी का वितरण





उज्जैन। प्रतिवर्षानुसार पांचवें वर्ष भी श्री वीर तेजाजी भक्त मण्डल समिति के तत्वावधान में 1 नवंबर शनिवार कार्तिक सूदी एकादशी को बाबा खाटू श्यामजी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

संयोजक मुरलीधर सोनी के अनुसार हवन-पूजन, भजन कीर्तन के साथ श्री खाटू श्यामजी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। शाम 07:30 बजे भव्य आरती एवं प्रसादी का वितरण किया जायेगा। श्री वीर तेजाजी भक्त मण्डल समिति के संयोजक मुरलीधर सोनी एवं सदस्यगण मनीष सोनी, सतीश परिहार, मनोज सोनी, केशव नगर मंडल अध्यक्ष गजेन्द्र खत्री, पार्षद महोदय कैलाश प्रजापत, संग्राम सिंह भाटिया, महेन्द्र परिहार, नीरज परिहार, कपिल टांक, सतोष कोलवाल, बसंत परिहार, राजेन्द्र सिंह, शुभम सोनी, शारदा सोनी, हेमा शर्मा, रेखा राजपूत एवं स्थानीय निवासीगण ने उज्जैन शहर की धर्मप्रेमी जनता से अनुरोध किया है कि 1 नवंबर शनिवार को श्री खाटू श्याम जी के जन्मोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त कर श्री खाटू, श्याम जी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

# माणिभद्र की जन्म स्थली उज्जैन भेरूगढ़ से निकलेगा पालीताणा तीर्थ का पैदल महायात्रा संघ



उज्जैन। करीब 500 वर्ष पूर्व माणिभद्रजी अपने पूर्व जन्म में उज्जैन भेरूगढ़ में माणिकचंद सेठ थे। सिध्दाचल तीर्थ की यात्रा तक अन्नजल त्याग का संकल्प कर यात्रा प्रारंभ की लेकिन मगरवाड़ा में डाकूओं द्वारा हत्या हुई और तीर्थ के ध्यान में वे इंद्रदेव बने। अब 500 साल बाद उनके संकल्प की पूर्ति समान उज्जैन से पालीताणा महातीर्थ का पैदल महायात्रा संघ 26 दिसंबर 2025 शुक्रवार को धूमधाम से बैंड बाजे के साथ प्रयाण होगा।

उज्जैन भैरूगढ़ चातुर्मास विराजित जैनाचार्य अशोक सागर सूरिश्वरजी की निश्रा में माणिभद्र यक्षराज तीर्थधाम में ऐतिहासिक आयोजन हो रहे हैं। तीर्थ के मीडिया प्रमुख विकास कोठरी ओर प्रदीप दख ने बताया कि तीर्थोध्दारक आ. अशोकसागर सूरिजी, आ. सागरचंद्रसागर सूरिजी, आ. सौम्यचंद्र सा.सू., आ. विवेकचंद्र सा.सू. आदि अनेक साधु साध्वीगण एवं 500 यात्रिक आने की संभावना है। प्रकाश भाई, पीयूष भाई सांवरा उज्जैनवालों ने मुख्य आयोजक का लाभ उदारता से लिया है। अन्य भी संघपति जुड़े हैं। सभी की संघमाला 1 फरवरी 2026 को पालीताणा में आदिनाथ दादा के दरबार समक्ष होगी। माणिभद्र दादा की संकल्प यात्रा पूर्ति का ये अनूठा मौका है। ये इंद्रदेव तपागच्छ के रक्षक, हाजराहजूर है। संघ में प्रतिदिन मांगलिक, स्नात्र पूजा, हवन, प्रवचन, संध्या भक्ति, प्रतिक्रमण इत्यादि होंगे। हाथी, घोड़ा, बैंडबाजा के साथ भव्य प्रस्थान होगा। अनेक अतिथिगण प्रयाण उत्सव में पधारेंगे।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com